आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.08.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

प्राकृतिक खेती मिशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले सप्ताह राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ बैठक के बाद इस संबंध में घोषणा की थी।

*जो किसान प्राकृतिक खेती करना शुरू करेगा वह उत्पादन थोड़ा कम हो सकता है लेकिन तीसरे साल तक आके व पूरा रिकवर हो जाता है तीन साल तक हम किसान को कम से हम कम्पनसेट करने में उसके खाते में प्रोत्साहित यह जरूरी है बाद में जब लाभ देखेगा तो किसान खुद व खुद खेती करेगा धीरे धीरे हम वातावरण बना लेगे देश में प्राकृतिक खेती का।*

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार, पारिस्थितिक तंत्र को बहाल करना और किसानों की लागत को कम करके जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करना है।

मंत्रिमंडल बैठक

राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को 9 सौ 57 करोड़ रुपये का ऋण देने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कैग रिपोर्ट पेश करने, जमाबंदी को डिजिटल करने और नगर निगम चुनाव टालने जैसे कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने पंचायती राज संशोधन विधेयक को भी स्वीकृति दी है, जिसमें जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस दौरान विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र में वर्ष, 2023–24 की कैग रिपोर्ट को भी सभा पटल पर रखने को मंजूरी दी है। सत्र के दौरान लगभग 6 संशोधन विधेयक लाए जाएंगे और जी.एस.टी. के 5 और 18 फीसदी के स्लैब को भी सदन पटल पर रखा जाएगा।

इसरो–राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन

आज देश में दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन 23 अगस्त 2023 में चन्द्रयान–तीन मिशन के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाने और प्रज्ञान रोवर को चन्द्रमा पर ले जाने की याद में मनाया जाता है। अंतरिक्ष दिवस समारोह के अंतर्गत, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल नई दिल्ली में दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में कई मंत्रालयों, निजी हितधारकों, शिक्षाविदों, स्टार्टअप्स और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। अंतरिक्ष विभाग पूरे महीने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगा और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और उसके अनुप्रयोगों से जोड़ने के लिये प्रेरित करेगा।

रजनी पाटिल

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगी। जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व अन्य पूर्व नेताओं से पार्टी संगठन को लेकर चर्चा व राय लेंगी जिसके बाद वह दिल्ली जाकर अपनी रिपोर्ट सौपेंगी।

सम्मेलन

पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन कल 24 अगस्त से नई दिल्ली में आयोजित होगा। जिसका शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में विधानसभा परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भारत के सभी राज्यों विधान मण्डलों के पीठासीन अधिकारी भी शामिल होंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाएं हुए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज से मॉनसून के एक बार फिर सक्रिय होने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि आगामी 27 अगस्त तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि 24 और 25 अगस्त को कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

*27 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का एक दौर शुरू होने की संभावना है इसी दौरान जो हमारे मध्यवर्ती डिसटिक है वहां पर हेवी टू हेवी रेन भी हो सकती है। फिर 23 अगस्त को कुछ डिस्टिक है कांगड़ा, कुल्लू, मंडी शिमला सिरमौर फिर हेवी टू हेवी रेन का ऑरेंज अलर्ट है और 24 अगस्त की बात करे तो कांगड़ा सिरमौर के लिए ऑरेंज अलर्ट है अगस्त माह की बात करे तो 32 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है।*

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी की सुर्खी है–बी.बी.एम.बी. में हिमाचल के हकों की लड़ाई लड़ेगी सरकार। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–पौंग डैम से छोड़े पानी से लोगों को हो रहा नुकसान, बीबीएमबी पर एफआईआर दर्ज।

प्रदेश मंत्रिमंडल से जुड़ी ख़बर भी आज सभी अख़बारों में प्रकाशित हुई है। अमर उजाला सुर्खी है–घर बैठे पटवारी के डिजिटल हस्ताक्षर के साथ मिलेगी जमाबंदी, 50 रुपये लगेगा शुल्क। दिव्य हिमाचल व दैनिक भास्कर का कहना है–हिमाचल में ई–जमाबंदी को मंजूरी।